कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक- 295 /11सी-अलीगढ़, दिनांक, लखनऊ, अगस्त 11, 2015

सेवा में,

वन संरक्षक,
अलीगढ़ वृत्त,
अलीगढ़।

विषय : अलीगढ़-रामघाट मार्ग किमी0 6.019 की दायीं पटरी पर ग्राम-तालसपुर कला के खसरा सं0-167 पर विकसित किये जा रहे इण्डियन ऑयल कार्पो0 लि0 के रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.03 हे0 (संशोधित 0.03611 हे0) संरक्षित वनभूमि का बिना वृक्ष पातन के गैरवानिकी प्रयोग की अनुमति।

सन्दर्भ : आपके कार्यालय का पत्रांक-296/14-10, दिनांक 23.07.2015

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयगत परियोजना के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.03611 हे0 संरक्षित वनभूमि का बिना वृक्ष पातन के गैरवानिकी प्रयोग की अनुमति का संशोधित प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। उक्त प्रस्ताव के प्रथमदृष्टया अवलोकनोपरान्त विदित होता है कि प्रस्ताव के साथ कतिपय सूचनायें/अभिलेख पूर्ण एवं सुसंगत नहीं हैं, जो निम्न प्रकार हैं :-

1- प्रस्ताव के साथ संलग्न लो0नि0वि0 द्वारा अनुमोदित ले-आउट प्लान के अनुरूप प्रस्तावित स्थल का डिजिटल डाटा मानचित्र संलग्न नहीं है।

2- प्रस्तावित वनभूमि की गणना लो0नि0वि0 द्वारा अनुमोदित ले-आउट प्लान के अनुसार नहीं प्रतीत हो रही है। अतः लो0नि0वि0 द्वारा अनुमोदित ले-आउट प्लान के अनुसार प्रस्तावित वनभूमि की गणना करें एवं तदनुसार प्रस्ताव को संशोधित करें एवं संशोधित गणना के अनुसार ऑन लाइन डाटा इन्ट्री कर पावती रसीद की प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करें।

उक्त सूचनाओं को पूर्ण करने हेतु किसी प्रतिनिधि को अधिकृत करते हुए प्रस्ताव की मूल प्रतियाँ इस कार्यालय से प्राप्त करा लें तथा उपरोक्तानुसार सूचनाओं को पूर्ण करते हुए पूर्ण संशोधित प्रस्ताव इस कार्यालय को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें। अपूर्ण प्रस्ताव इस कार्यालय को कदापि न प्रेषित किया जाय।

भवदीय,

11/8/15

(डा0 राजीव कुमार गर्ग)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक- 295 / तददिनांकित।

1- प्रतिलिपि प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, अलीगढ़ को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार संशोधित प्रस्ताव वन संरक्षक, अलीगढ़ को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- प्रतिलिपि विक्रय अधिकारी(रिटेल सेल्स), इंडियन ऑयल कार्पो0 लि0, दिल्ली रोड, पकबाड़ा, मुरादाबाद को इस आशय से प्रेषित उक्तानुसार संशोधित प्रस्ताव प्रभागीय निदेशक, अलीगढ़ को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

11/8/15

(डा0 राजीव कुमार गर्ग)